पर्यावरण ऑडिट नियम, 2025

[स्रोत: पी. आई.बी.]

[पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC)] ने [पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986] के तहत **पर्यावरण ऑडिट नियम, 2025** अधिसूचित किये हैं, जिनका उद्देश्य पूरे भारत में **पर्यावरणीय जवाबदेही के लिये एक व्यापक ढाँचा** स्थापित करना है।

पर्यावरण ऑडिट नियम, 2025 की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?

- **पर्यावरण ऑडिटर्स का प्रमाणन और पंजीकरण: पर्यावरण ऑडिटर्स (EA)** का प्रमाणन और पंजीकरण MoEFCC द्वारा अधिसूचित **पर्यावरण लेखा परीक्षा नामित एजेंसी (EADA)** द्वारा किया जाएगा। **EADA** की ज़िम्मेदारियाँ निम्नलिखित हैं:
  - ऑडिटर्स का प्रमाणन, पंजीकरण और निगरानी।
  - प्रदर्शन की निगरानी और प्रशिक्षण प्रदान करना।
  - आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करना।
- **पंजीकृत पर्यावरण लेखा परीक्षक (REA):** ऑडिट कार्य पंजीकृत **पर्यावरण लेखा परीक्षकों (REA)** द्वारा किये जाएँगे।
  - REA को निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिये परियोजनाएँ यादृच्छिक रूप से आवंटित की जाएँगी।
  - REA विभिन्न पर्यावरण एवं वन संबंधी कानूनों के अंतर्गत नमूनाकरण, विश्लेषण, क्षतिपूर्ति गणना और लेखा परीक्षा सहित गतिविधियाँ करेंगे।
- **अनुपालन की दो-स्तरीय प्रणाली:**
  - **टियर-1**: सरकारी नियामक ([CPCB], [SPCBs], [MoEFCC] क्षेत्रीय कार्यालय) अनुपालन की समीक्षा करेंगे।
  - **टियर-2**: तृतीय पक्ष सत्यापन के लिये REAs द्वारा ऑडिट किया जाएगा।
- **निरीक्षण और निगरानी:** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के एक अतिरिक्त सचिव के नेतृत्व में गठित संचालन समिति द्वारा इन नियमों के कार्यान्वयन की निगरानी की जाएगी।



UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

??????????

प्रश्न1. नम्निलखिति में से कौन-सा भौगोलकि क्षेत्र की जैवविधिता के लयि खतरा हो सकता है? **(2012)**

1. ग्लोबल वार्मगि
2. आवास का खंडीकरण
3. वदिशी प्रजातयिों का आक्रमण
4. शाकाहार को बढ़ावा देना

नीचे दयि गए कूट का प्रयोग करे सही उत्तर का चयन कीजयि:

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (a)

प्रश्न2. जैववविधिता नम्निलखिति तरीकों से मानव अस्तत्वि के लयि आधार बनाती है: (2011)

1. मृदा का नरि्माण
2. मृदा क्षरण की रोकथाम
3. अपशषि्ट का पुनर्चक्रण
4. फसलों का परागण

नीचे दयि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजयि:

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (d)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/environment-audit-rules-2025